डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) 470003
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
**DR. HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR M.P. 470003**
(A Central University)

सुरक्षा अधिकारी

मोबा. नं. :7697425313, फोननं. 07582—264527
E-Mail – csosagarutd264527@gmail.com

## सर्वसाधारण के सूचनार्थ

सम्मानित महानुभावों !

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय हम सबकी थाती है। इसकी सुरक्षा एवं अनुशासन को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सुरक्षा विभाग आप सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए निम्नलिखित निवेदन करता है:—

1. विश्वविद्यालय एक बौद्धिक ज्ञान—विमर्श का केन्द्र है। इसकी सुरक्षा में सहभागी बनें।
2. सुरक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, जिससे विश्वविद्यालय में कानून व्यवस्था बनी रहे और अनुशासन कायम रहे।
3. विश्वविद्यालय में एक सुरक्षित, गरिमामय और निष्पक्ष शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए स्वयं सजग रहें तथा दूसरों को भी जागरुक करें।
4. विश्वविद्यालय की सड़कों पर चलते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। अपनी गति पर नियंत्रण रखें। परिसर में कोई भी बाईक या बुलेट ऐसी न लेकर आयें, जिससे तेज आवाज के साथ ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न होता है। मोबाइल पर ईयरफोन लगाकर गाने या और कुछ सुनते हुए न तो गाड़ी चलायें और न ही टहले—घूमें।
5. विश्वविद्यालय परिसर धूम्रपान निषिद्ध है। इसलिए परिसर में धूम्रपान न करें। मादक पदार्थो के कय—विकय एवं सेवन से दूर रहें।
6. अनावश्यक रुप से फूल, पेड़—पौधों को नुकसान न पहुँचायें। विश्वविद्यालय परिसर की सुंदरता को बढ़ाने में सहयोगी बनें।
7. विश्वविद्यालय परिसर के सांइस ब्लॉक रोड और युवक छात्रावास रोड पर बैठने की जगहों पर गरिमामय तरीके से बैठें। कोई भी अवांछित या अशोभनीय कृत्य न करें।
8. विश्वविद्यालय परिसर की सांइस ब्लॉक रोड पर प्रतिदिन शाम 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक सुरक्षा चेकिंग लगती है। सुरक्षाकर्मियों द्वारा पूछे जाने पर अपना नाम—पता जरुर बतायें। परिसर में अनुशासन बनाये रखने में सहयोग करें।
9. विश्वविद्यालय परिसर (सांइस ब्लॉक, आर्ट्स ब्लॉक, पंतजलि भवन—योगा परिसर, नैनों बिल्डिंग परिसर, घाट रोड इत्यादि) में कोई भी अवांछित गतिविधि न करें। विश्वविद्यालय परिसर की गरिमा का ध्यान रखें।
10. विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी सुरक्षा चेक प्वाइंट पर सुरक्षाकर्मी द्वारा रोके जाने पर अपना नाम—पता इत्यादि रजिस्टर में अवश्य दर्ज करायें।
11. विश्वविद्यालय परिसर में कहीं भी किसी प्रकार की आकस्मिकता के लिए सुरक्षा विभाग को तत्काल हेल्पलाइन नंबर— 07582—264527, 8889882068 पर सूचित करें।

**" आपकी सुरक्षा, हमारा नैतिक दायित्व "**

आदेशानुसार

21.02.2024

(डॉ. हिमांशु कुमार)
सुरक्षा अधिकारी